**शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल**

S.B.C.Government Degree College, Pokhri (Quili) Tehri Garhwal, Uttarakhand-249146

(श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध)

Website: www.gdcpokharitehri.in E-Mail:- gdcpokhritehri@yahoo.com

# सत्र 2022-23 में 'बेस्ट प्रेक्टिसेज' के अंतर्गत सम्पादित कार्यक्रम

**17-06-2023**


गत सत्र **2022-23** में महाविद्यालय में बेस्ट प्रेक्टिसेज के अंतर्गत पाँच अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये गए. तस्वीर सहित उनका विवरण निम्नवत है-

1- दिनांक 17-08-2023 राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में बीए प्रथम वर्ष के नवीन प्रवेशार्थियों हेतु **अभिविन्यास कार्यक्रम (Orientation Programme)** आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के संयोजक हिंदी विभाग प्रभारी डॉ० राम भरोसे रहें. चूँकि उत्तराखंड राज्य में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है. जिसके तहत ही राज्य के सम्पूर्ण विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा यानी स्नातक, परास्नातक व पीएच०डी० कक्षाओं में सत्र 2022-23 से अध्ययन-अध्यापन कार्य किया जाएगा. इसी बात को ध्यान में रखकर आज राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल के हिंदी के प्राध्यापक डॉ० राम भरोसे द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 के अनुरूप किस प्रकार भविष्य में अध्ययन अध्यापन कार्य किए जाएँगे इसी बात पर गम्भीरता से चिंतन मंथन करने हेतु महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों व नवीन प्रवेशार्थियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम (Orientation Programme) आयोजित किया गया. कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा जी के उद्बोधन से हुई. उन्होंने कहा कि हमारे उत्तराखंड में जो यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 लागू की गयी है, इसके बहुत लाभ भविष्य में छात्रों को होने वाला है. इसका मुख्य उद्देश्य है व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ाना. जिससे छात्र का सर्वांगीण विकास हो सकें. इस शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थी के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गयी है तथा साथ ही ऑनलाइन पाठ्यक्रम विकसित करने का भी प्रावधान है. यह शिक्षा नीति निश्चित ही भावी भारत का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका निभाएगी. इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ० राम भरोसे द्वारा पावर पोईंट प्रेज़ेंटेशन स्लाइड्ज़ के माध्यम से गहनता से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 के क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण बातें सभी के समक्ष रखी गयी. उन्होंने स्लाइड्ज़ शो के माध्यम से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 की जटिलताओं को बड़े सहज और सरल बनाकर सभी के सामने अपनी बातें रखीं. उनके व्याख्यान से सभी लाभान्वित हुए और उसके बाद उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 से सम्बंधित छात्रों व प्राध्यापकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासा का समाधान किया





अभिविन्यास कार्यक्रम 17-08-2022





2- हिंदी विभाग द्वारा 14.09.2022 राष्ट्रीय हिंदी दिवस के सुअवसर पर हिंदी साहित्यिक परिषद द्वारा **एक दिवसीय संगोष्ठी** का आयोजन किया गया. कार्यक्रम संयोजक हिंदी विभाग प्रभारी डॉ० राम भरोसे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संगोष्ठी में हिंदी भाषा की रोजगारपरकता विषयक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया है. संगोष्ठी में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखंड के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० संजीब नेगी जी एवं समाजशास्त्र विभाग के डॉ० मणिकांत शाह जी द्वारा उक्त विषय में विद्यार्थियों को व्याख्यान दिए गये. मुख्य वक्ता डॉ० संजीब नेगी ने PPT के माध्यम से महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं को हिंदी की रोज़गारपरकता पर विस्तार से बात रखी. उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि हिंदी विदेशों में भी मुख्य विषय के रूप में पढ़ाई जा रही है. विशिष्ट वक्ता डॉ० मणिकांत शाह ने बच्चों को हिंदी भाषा की समाजीकरण पर अपनी बात रखी. इसके साथ ही दिनांक 13.09.2022 में 'सामान्य हिंदी भाषा प्रतियोगिता-2022' का भी आयोजन किया गया, जिसमें में महाविद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया. इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की काजल द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की सुष्मिता केंतुरा व तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की रितिका ने प्राप्त किया. तीनों विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया. डॉ० राम भरोसे ने इस संगोष्ठी का उद्देश्य बताया कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 में हिंदी भाषा या अन्य भारतीय भाषाओं के विकास और समवर्धन हेतु नीतियाँ बनायी गयी हैं. यही ध्यान में रखते हुए इस संगोष्ठी के माध्यम से यह प्रयास किया गया है कि हिंदी भाषा किस तरह से रोजगारपरक भी है और हिंदी को मुख्य विषय में रखकर विद्यार्थी भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी कई प्रकार रोजगार प्राप्त कर सकते हैं. इसके अंत में महाविद्यालय के प्राचार्या महोदया और इस कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो० शशि बाला वर्मा द्वारा हिंदी दिवस के इस विशेष अवसर पर सभी बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा पर बहुत सुंदर कविता प्रस्तुत करते हुए हिंदी विषय की महत्ता बताई.






स्वतंत्र चेतना

हिंदी नाट्य साहित्य पुस्तक का विमोचन

स्वतंत्र चेतना

नरेन्द्रनगर। पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी भाषा की रोजगारपरकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ शशिबाला वर्मा, डॉ संजीब नेगी व डॉ मणिकांत द्वारा सरस्वती के चित्र का अनावरण करने के साथ दीप प्रज्जलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगोष्ठी में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० संजीब नेगी मुख्य वक्ता थे। डॉ संजीब नेगी ने पीपीटी के माध्यम से महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को हिंदी की रोजगारपरकता पर सविस्तार बताया व कहा कि विदेशों में भी हिंदी भाषा का प्रचलन न शिर्फ बढ़ता जा रहा है,बल्कि विदेशों में हिंदी भी मुख्य विषय के रूप में पढ़ाई जा रही है। संगोष्ठी का उद्देश्य बताया कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के आलोक में हिंदी भाषा या अन्य भारतीय भाषाओं के विकास और संबर्धन को दृष्टिगत रखते हुए, हिंदी भाषा को रोजगारपरक बनाने का मुख्य लक्ष्य है। ताकि विद्यार्थी भारत में ही नहीं बल्कि हिंदी के माध्यम से विदेशों में भी रोजगार पा सकें।



देनांक 13-09-2022 में 'सामान्य हिंदी भाषा ।तियोगिता–2022' मे प्रतिभाग करते हुए विद्यार्थी



गढ़निनाद

हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



उत्तराखण्ड क्रांति



सरहद का साक्षी

SARHAD KA SAKSHI

पोखरी क्वीली कॉलेज में हिन्दी दिवस पर हिंदी साहित्यिक परिषद द्वारा संगोष्ठी आयोजित

3- 09 नवम्बर, 2022 को उत्तराखंड का 23वां **'राज्य स्थापना दिवस'** धूमधाम से मनाया गया. दिनांक 09.11.2022 प्रातः 10 बजे महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फकोट, टिहरी गढ़वाल' के सहयोग से महाविद्यालय सभागार में **'एक दिवसीय सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर'** का भव्य आयोजन किया गया. जिसका शुभ आरम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा किया गया. इससे पूर्व डॉ० विवेकानंद भट्ट ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के बारे में बच्चों को जानकारी दी. इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के सफल आयोजन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फकोट, टिहरी गढ़वाल से आएँ डॉ० विश्व जीत सिंह (RBSK), डॉ० प्रियंका (RBSK) उषा राणा, प्रेमा बिष्ट (ANM), श्री शक्ति प्रसाद भट्ट (फॉर्मासिस्ट), श्रीचंद एवम् आशा कार्यक्त्री अनुराधा, राजन रावत, ने अपना महती योगदान प्रदान किया, जिसके लिए महाविद्यालय पूरे चिकित्सक दल का आभार व्यक्त करता है. इस स्वास्थ्य शिविर में महाविद्यालय के सभी छात्रों के ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन चेक किया गया और साथ ही शिविर में उपस्थित हुए चिकित्सकों द्वारा सभी बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य का चेकअप (बीपी, आँखें इत्यादि) भी किया गया. और छात्र/छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य सम्बंधित प्रश्न भी उनसे पूछे. चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य सम्बंधित प्रश्नों का निराकरण भी किया गया. साथ ही महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को विटामिंस व कैल्शियम की टैबलेट भी वितरित की गई. साथ ही इसके बाद श्री दीपक रावत (RKSK काउंसलर) द्वारा महाविद्यालय के समस्त बच्चों को नशे से मुक्ति के विषय में भी जागरूक किया. उन्होंने नशे की रोकथाम के बारे में स्वयंसेवियों को विस्तार से अवगत कराया. नशा मुक्ति से सम्बंधित इस आयोजन पर पूरा महाविद्यालय लाभान्वित हुआ. दीपक रावत जी ने बहुत सुंदर और प्रभावशाली ढंग से पूरे महाविद्यालय को नशा मुक्ति के बारे में जानकारियाँ प्रदान की. प्राचार्य डॉ० शशि बाला वर्मा ने इस शिविर के आयोजन हेतु एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि समस्त छात्रों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर रहा. क्योंकि यदि हम बाहर की पैथलॉजी लैब में ये सामान्य चेकअप करवायते हैं तो उसका पर्याप्त मूल्य चुकाना होता है, जबकि इस कैम्प में बच्चों को यह सुविधा निशुल्क दी गई. प्राचार्या महोदया द्वारा फकोट से आयी स्वास्थ्य विभाग के दल का भी विशेष आभार व्यक्त किया, उन्होंने हमारे महाविद्यालय के बच्चों के लिए अपने व्यस्त समय से समय निकालकर इस शिविर का आयोजन किया. तथा उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आज सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का जो आयोजन किया गया, इसका उद्देश्य अपने देश की युवाओं को स्वस्थ रखना है और उन्हें इस शिविर में उनके ब्लड ग्रुप से अवगत कराया गया. जिससे भविष्य में यदि कभी उन्हें स्वयं या किसी अपने के हितार्थ रक्त देना पड़े तो ब्लड परीक्षण में समय बर्बाद किए बिना तत्काल लाभ उठा सकें. साथ ही नशा बचाव सम्बन्धी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई जिससे नशे के शिकार न होकर युवा अपना भविष्य सुरक्षित कर सकें, न कि नशे में डूब जाएँ. इसके साथ ही मेडिकल टीम द्वारा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं और स्टाफ के साथ अन्य बाहर से आयें ग्रामीणों का भी कोविड टीकाकरण किया गया. कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों, एनएसएस अधिकारी डॉ० राम भरोसे और महाविद्यालय परिवार द्वारा इस शिविर में आएँ समस्त चिकित्सक दल को एनएसएस से संबंधित स्मृति चिह्न भी भेंट किये गए. साथ ही राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया.

--कुछ झलकियाँ—




**महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा और डॉ० सरिता देवी द्वारा अतिथिओं का स्वागत करते हुए**




स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा पहले छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया उसके बाद आवश्यकतानुसार उन्हें दवाइयां भी वितरित की गयी.



महाविद्यालय के कर्मचारी
बूस्टर डोज़ लेते हुए-



स्वतंत्र चेतना

# राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



स्वतंत्र चेतना

नरेन्द्रनगर। पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित राजकीय महाविद्यालय में 23 वाँ राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं इस मौके पर कालेज प्रशासन के अनुरोध पर महाविद्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फकोट के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कॉलेज की प्राचार्य डॉ शशि बाला वर्मा ने जहां राज्य स्थापना वर्ष के मौके पर पृथक राज्य की अवधारणा के संबंध में छात्र–छात्राओं और उपस्थित लोगों को सविस्तार समझाते हुए कहा कि अलग प्रदेश में हम अपनी सोच को विकसित कर विकास परक योजनाओं को सही तौर पर धरातल पर उतारें व अन्य प्रदेशों के साथ प्रदेश की बेहतरी के लिए प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ हर अच्छे कार्यों में लगन, निष्ठा व संघर्ष के दम पर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपना व प्रदेश का भविष्य आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जोड़ते हुए शानदार मार्ग भी प्रसस्त करें इस मौके पर उन्होंने महाविद्यालय के अनुरोध पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फकोट द्वारा कालेज परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाने पर डॉक्टरों सहित उनके साथ आई टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर लगाए जाने की पहल करने पर प्राचार्य ने कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम भरोसे के कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा की। स्वास्थ्य शिविर में कॉलेज के 90 से अधिक छात्र–छात्राएं तथा उपस्थित स्थानीय लोगों सहित 117 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच करते हुए ब्लड ग्रुप तथा हिमोग्लोबिन चेक किया गया साथ ही सभी छात्र–छात्राओं को फकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से विटामिंस व कैल्शियम की टेबलेट वितरित की गई।

4- दिनांक 23-11-2022 को शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की कैरियर, काउंसलिंग एंड IQAC सेल द्वारा समय प्रबंधन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कैरियर, काउंसलिंग एंड IQAC सेल एवम् इस कार्यशाला के समन्वयक डॉ० राम भरोसे ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में पहली बार कैरियर, काउंसलिंग एंड IQAC सेल द्वारा इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले बच्चे काफ़ी उत्साहित दिखें. इस कार्यशाला में राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी के इंटरमीडियट के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया. इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक महोदय श्री बैरवान जी ने भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और छात्र-छात्राओं का भावी मार्गदर्शन किया. इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्रनगर टिहरी गढ़वाल के उपज़िलाधिकारी श्रीमान डी०एस० नेगी रहें. जिन्होंने अपने व्याख्यान से महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के बच्चों को लाभान्वित किया. एसडीएम साहब ने समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए बच्चों को जीवन में कामयाब होने के लिए कई सुझाव दिए. उन्होंने अनेक कामयाब लोगों का उदाहरण देकर बच्चों को समझाया कि कैसे जीवन का उद्देश्य तय करके ख़ुद को कामयाब बनाया जा सकता है. इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा ने इस कार्यशाला के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संस्कृत के श्लोक काक चेष्टा, वको ध्यानम, स्वान निन्द्रा, तथैव च अल्पाहारी, गृह त्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षनम द्वारा एक विद्यार्थी में क्या क्या गुण होने चाहिए और समय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास में अनवरत लगे रहना चाहिए।



# छात्रों को बताए टाइम मैनेजमेंट के फायदे

भास्कर समाचार सेवा

## • पोखरी क्वीली में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**टिहरी।** शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में महाविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग और आइक्यूएसी सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्रनगर उपजिलाधिकारी डीएस नेगी ने अपना वक्तव्य दिया।

उपजिलाधिकारी ने समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए बच्चों को जीवन में कामयाब होने के लिए कई सुझाव दिए। साथ ही अनेक कामयाब लोगों का उदाहरण देकर बच्चों को समझाया और कैसे जीवन का उद्देश्य तय करके खुद को कामयाब बनाया जा सकता है, इस पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि बाला वर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास में अनवरत लगे रहना चाहिए। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने भी इस कार्यक्रम में इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं के साथ प्रतिभाग किया। काउंसलिंग कार्यशाला के समन्वयक डॉ. राम भरोसे ने बताया कि महाविद्यालय में पहली बार कॅरियर काउंसलिंग एंड क्यूएसी सेल द्वारा पहली बार इस तरह की कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

---

गढ़ निनाद
जन जन की आवाज

देश-दुनिया | शासन-प्रशासन | आपदा | शिक्षा जगत | हॉलीवुड/बॉलीवुड | साइंस & टेक्नोलॉजी | हेल्थ &

Home > 2022 > November > समय प्रबंधन पर पोखरी क्वीली में एक दिवसीय कार्यशाला अयोजित

## समय प्रबंधन पर पोखरी क्वीली में एक दिवसीय कार्यशाला अयोजित

23 November 2022 | उत्तराखंड, विविध न्यूज़, शिक्षा जगत




Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 23 नवम्बर। शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल में महाविद्यालय की कैरियर, काउंसलिंग एंड IQAC सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नरेंद्रनगर उपज़िलाधिकारी डी०एस० नेगी ने बच्चों को समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए बच्चों को उन्होंने जीवन में कामयाब होने के लिए कई सुझाव दिए। साथ ही अनेक कामयाब लोगों का उदाहरण देकर बच्चों को समझाया और कैसे जीवन का उद्देश तय करके ख़ुद को कामयाब बनाया जा सकता है इस पर सभी का ध्यान केंद्रीत किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० शशि बाला वर्मा ने इस कार्यशाला में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संस्कृत के श्लोक '*काक चेष्टा, वको ध्यानम, स्वान निन्द्रा, तथैव च अल्पाहारी, गृह त्यागी, विद्यार्थी पंच लक्षनम*' द्वारा एक विद्यार्थी में क्या क्या गुण होने चाहिए और समय प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास में अनवरत लगे रहना चाहिए।

इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले बच्चे काफ़ी उत्साहित दिखें. इस कार्यशाला में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री बैरवान ने भी इस कार्यक्रम में इंटर मीडिएट के छात्र छात्रों के साथ प्रतिभाग किया.

काउंसलिंग कार्यशाला के समन्वयक डॉ० राम भरोसे ने इस कार्यक्रम के बारे में बताया कि महाविद्यालय में पहली बार कैरियर, काउंसलिंग एंड QAC सेल द्वारा पहली बार इस तरह की कार्यशाला का आयोजन
महाविद्यालय में किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक साथी डॉ० सरिता देवी, डॉ० विवेकानंद भट्ट, डॉ० सुमिता पंवार, डॉ० बंदना सेमवाल, डॉ० मुकेश सेमवाल , श्रीमती रचनाराणा, श्रीमती रेखा नेगी, कु० अमिता, अंकित, नरेंद्र बिजल्वाण,नरेश, दीवान, श्रीमती सुनीता, मूर्ति लाल, राजेंद्र सक्रिय रूप प्रतिभाग किया और छात्र अंजलि, प्रियंका, काजल, मनीषा, अंजलि,नरेंद्र, मनीष, मोनिका, निकिता, सुमन, सिमरन, प्राची, निकिता आदि उपस्थित रहे।

5- राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्धन योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय पोखरी में छात्र छात्राओं द्वारा किया गया रजिस्ट्रेशन। शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी क्वीली जनपद टिहरी गढ़वाल में कैरियर और काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में आज दिनांक 15 मार्च 2023 को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम एन ए पी एस के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर शशि बाला वर्मा के निर्देशन में करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम कराया गया जिसमें मुख्य वक्ता आईटीआई नई टिहरी के अनुदेशक श्री अमित बहुगुणा एवं श्री कुलदीप सिंह रावत जी द्वारा कौशल विकास व इसकी आवश्यकता विषय पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया श्री कुलदीप सिंह रावत द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से वेब पोर्टल पर छात्र छात्राओं को रजिस्ट्रेशन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई श्री अमित बहुगुणा जी द्वारा विभिन्न व्यवसायों पोर्टल, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, स्टैनोनोग्राफी, कोपा ,स्वींग, टेक्नोलॉजी कॉस्मेटोलॉजी आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शशि बाला वर्मा जी द्वारा व्यवसायिक शिक्षा की आवश्यकता, इसके लाभ व कौशल विकास वर्तमान समय की मांग इत्यादि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई सभी छात्र छात्राएं कौशल विकास द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देंगे ऐसी आशा के साथ प्राचार्या महोदया डॉ० शशि बाला वर्मा द्वारा आये गये अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया. कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग की डॉक्टर वंदना सेमवाल द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्द्धन योजना में 30 छात्रों का पंजीकरण



*योजना के रजिस्ट्रेशन दर्ज करवाते छात्र-छात्राएं।*

नरेंद्रनगर, 16 मार्च (स.ह.) : बेलमति चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी ( क्वीली ) में राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्धन योजना के तहत करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. शशिबाला वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को पांरपरिक पढ़ाई के साथ ही कौशल विकास की ओर भी ध्यान देना चाहिए। कहा कि महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग सेल का गठन किया है ताकि छात्र-छात्राओं को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार को लेकर जानकारी मिल सके। राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान नई टिहरी के सीनियर इंस्ट्रक्टर अमित बहुगुणा ने छात्र-छात्राओं को कौशल विकास, इसकी आवश्यकता और भविष्य में रोजगार के साधनों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं कुलदीप सिंह रावत ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन से वेब पोर्टल पर छात्र-छात्राओं को रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी दी। इस दौरान 30 छात्र-छात्राओं का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। इस मौके पर डा. वंदना सेमवाल, डा. मुकेश सेमवाल, डा. विवेकानंद भट्ट, डा. सुमिता पंवार, अंकित सैनी, अमिता मौजूद रहे।

## कैरियर काउंसलिंग में 30 छात्र- छात्राओं ने कराया पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन



स्वतंत्र चेतना

नरेन्द्रनगर। पट्टी क्वीली के पोखरी स्थित शहीद बेलमति चौहान राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डा शशिबाला वर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्द्धन योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में कैरियर काउन्सलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती के चित्र के अनावरण व दीप प्रज्वलन के साथ किये गये कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या व अन्य लोगों द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान,नई टिहरी के सीनियर इंस्ट्रक्टर डीईओ अमित बहुगुणा द्वारा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को कौशल विकास तथा इसकी आवश्यकता के विषय में विस्तृत जानकारियां दी गई। सीनियर इंस्ट्रक्टर डीई ओ कुलदीप सिंह रावत द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से [illegible] वेबपोर्टल पर छात्र–छात्राओं को रजिस्ट्रेशन संबंधी महावपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में लगभग 30 छात्र– छात्राओं द्वारा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके अतिरिक्त वक्ताओं द्वारा छात्र–छात्राओं को आई.टी.आई. द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उनके लाभ एवं आवश्यकताओं को विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर मुकेश सेमवाल, डॉक्टर विवेकानंद भट्ट, डॉ सुमिता पंवार, अंकित सैनी, कुमारी अमिता पुंडोरा, और महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।









**राष्ट्रीय प्रशिक्षु संवर्धन योजना**

**दिनांक: 15-03-2023**

Ram Bharose

कार्यक्रम अधिकारी

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श.बे.चौ. राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टि०ग०
उत्तराखण्ड

प्राचार्य
शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली), टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड 249146